Mr. Deputy-Speaker: I take it that the hon. Member has the leave of the House to withdraw his Resolution.

The Resolution was, by leave, withdrawn.

Raja Mahendra Pratap: I object to the withdrawal of the Resolution.

Mr. Deputy-Speaker: It is to late now. We will take up the next Resolution by Shri S. M. Banerjee.

15·41 hrs.

RESOLUTION *RE:* PORTUGUESE WITHDRAWAL FROM GOA, DAMAN AND DIU

Shri S. M. Banerjee (Kanpur): I beg to move:

> "This House is of opinion that Government of India should give a final ultimatum to the Portuguese Government to withdraw from Goa, Daman and Diu."

उपाध्यक्ष महोदय, आज जब मैं यह प्रस्ताव सदन के सामने प्रस्तुत कर रहा हूं, तो मेरे सामने १५ अगस्त, १९५५ का वह नजारा है, जब कि हमारे देश के नौजवान, हमारे भाई और बहनें, शहीदों की टोलियां सालाजार के जुल्मो-तशद्दुद के खिलाफ़ गोआ में हमारे देश का तिरंगा झंडा लहराने के लिये आगे बढ़ रहे थे। मैं उस वक्त किरकी में था और मुझे याद है कि जब मैं उन शहीदों की टोलियों को देखता था, तो मेरे दिल में यह ख्याल आ जाता था कि अगर हमारी सरकार कुछ थोड़ी बहुत मदद कर देती, तो शायद हमारा वह अनमोल झंडा, जिस को लाखों माताओं-बहनों के सुहाग लुटवाने के बाद हम ने हासिल किया, वहां पर लहराने लग जाता। १५ अगस्त, १९५५ के दिन हमारे जो भाई वहां पर शहीद हुए थे, मैं चाहता हूं कि आज के दिवस मैं उन अमर शहीदों के प्रति अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करूं, जिन की लाशें हम लोग ला सके थे। वे भाई थे महाराष्ट्र से हिरवे गुरुजी, पंजाब से सरदार करनैलसिंह, मध्यभारत से राज भाऊ महाकाल, मध्य प्रदेश से मधुकर चौधरी, उत्तर प्रदेश से रामगिरि साधु, सूरत से व्यास अमृत नाथूराम, आन्ध्र से एस० एस० रामराव, मध्यभारत से बापूलाल होलवाला और नागपुर से कामले।

हमारे ऐसे भी साथी थे, जिन की लाशों को लाया नहीं जा सका और जिन को वहीं पर सालाजार की जबर्दस्त हुकूमत ने जला दिया तथा लोगों को उन के दर्शन करने का सौभाग्य भी प्राप्त नहीं हुआ। उन के नाम थे : हनुमन्तैया, तेलुगु कर्नाटक से, अन्दनया गजेन्द्रगढ़ कर्नाटक से, राजस्थान से पन्नालाल यादव, आन्ध्र से जगन् मोहन राव और सुब्बाराव गुरु, यू० पी० से बृजमोहन शर्मा, मध्यभारत से जे० श्यामबर मारे और कल्याण शर्मा और महाराष्ट्र से शेषनाथ वाडेकर।

इतना ही नहीं, उस के बाद २४ जून को अमीरचन्द गुप्ता, ४ अगस्त को नित्यानन्द साहा और ३ अगस्त को बी० के० थोराट भी वहां पर शहीद हुए थे। आज इस प्रस्ताव को पेश करते हुए हम उन शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करें और जो प्रण उन्होंने किया था, उस को हम भी याद करें।

इस सदन के तीन माननीय सदस्यों ने भी गोआ की आजादी के संघर्ष में भाग लिया। हमारी बहादुर बहन श्रीमती सहोदरा बाई ने वहां पर गोलियों का मुकाबला किया। हमारे बहादुर और माननीय दोस्त श्री एन० जी० गोरे ने इक्कीस महीने और श्री त्रिदिव चौधरी ने उन्नीस महीने तक सालाजार के कारावास में अपना जीवन व्यतीत किया।

आज हमारे सामने केवल गोआ का ही सवाल नहीं है, बल्कि पुर्तगाली साम्राज्यवाद, (पार्टुगीज कालोनियलिज्म) को खत्म करने

[श्री स० मो० बनर्जी]

का बहुत बड़ा सवाल है । आज अफ्रीका में, जो कि जाग रहा है और जिस ने अंगड़ाई ली है, अंगोला का बहुत बड़ा सवाल है । आज अफ्रीका के लोग, जिन को सोये हुए अफ्रीकी कहा जाता है, जाग रहे हैं और कहते हैं कि अगर गोआ को आज़ाद किया गया और सालाज़ार की हुकूमत के खिलाफ़ कोई सख्त कार्रवाई हिन्दुस्तान ने की, तो वहां पर लिबरेशन मूवमेंट को काफ़ी मदद मिलेगी । इस से पहले जब कभी, चाहे अक्तूबर, १९६० हो, चाहे मई, १९६१, इस सदन में या बाहर यह सवाल आया, तो हमारे पूज्य प्रधान मंत्री जी ने यही कहा कि मिलिटरी एक्शन इज़ रूल्ड आउट—मिलिटरी एक्शन मुमकिन नहीं है । लेकिन मुझे खुशी है कि हाल ही में हुए सेमिनार में भाषण करते हुए उनके जज़बात भी कुछ उभर आए और समाचार पत्रों में उनके भाषणों के बारे में यह लिखा गया :

"In a passing reference to Goa Mr. Nehru reiterated that India did not rule out military action to liberate it from Portuguese domination. India, he said, was not tied down to pursue a policy of peace in this matter."

इससे साफ़ जाहिर है कि आज इस प्रस्ताव में जो यह कहा गया है कि पुर्तगाल की हुकूमत को चुनौती दी जाये, तो उसका मतलब यह नहीं है कि आज ही अपनी फ़ौज गोआ में भेज दी जाये और फ़ौरन ही वहां एक्शन लिया जाये । उसका उद्देश्य यह है कि कम से कम एक चुनौती उसको दी जाये कि वह गोआ, दमन और दीव से हट जाये । माननीय सदस्य, श्री वाजपेयी, ने इस प्रस्ताव में एक संशोधन पेश किया है, जो इस प्रकार है—

In the resolution,

add at the end—

"by January 26, 1962".

हिन्दुस्तान के इतिहास में २६ जनवरी से पवित्र दिवस और कोई नहीं हो सकता है । इसलिये पुर्तगाल को यह अल्टीमेटम दिया जाये कि चौदह साल से उस के शान्तिमय ढंग से हट जाने की बात हो रही है, लेकिन वह नहीं हटा और अब २६ जनवरी, १९६२ तक वह नहीं हटा, तो उसके खिलाफ़ कार्यवाही की जायेगी । मैं समझता हूं कि इतने अत्याचार और रिप्रेशन सहन करने के बाद अगर पुर्तगाल के खिलाफ़ यह कार्यवाही की जाये, तो तमाम दुनिया की हमदर्दी, कुछ लोगों, नाटो पावर्ज़ आदि, को छोड़ कर दुनिया के सब तरक्कीपसन्द लोगों की हमदर्दी हिन्दुस्तान की सरकार के साथ होगी ।

इस बारे में दिये गये पंडित जी के भाषण के बाद हमारे वित्त मंत्री जी ने शायद यह सोच कर कि गोआ में पुलिस एक्शन में खर्चा ज्यादा होगा और उनको फिर रुपये के लिये अमरीका और रूस की तरफ जाना पड़ेगा, यह कहा कि गोआ की समस्या को शान्तिमय ढंग से हल किया जायेगा । मेरी समझ में नहीं आता कि प्रधान मंत्री जी के इस बयान के बाद वित्त मंत्री जी को बयान देने की क्या ज़रूरत थी । कभी-कभी मैं सोचता हूं कि हमारे मंत्रि-मण्डल के सदस्य चाहे वह प्रधान मंत्री जी हों, चाहे वित्त मंत्री जी, एक ही जगह से, एक ही सेमिनार में जब तरह-तरह के भाषण देते हैं, तो मालूम होता है कि यह मंत्रि-मण्डल एक नहीं है । कभी-कभी ऐसी बातें होती हैं, जिनसे आदमी यह सोचने लगता है—मुझे कहने में शर्म महसूस होती है—कि क्या यह मंत्रि-मण्डल है या शिव जी की बरात है । पता नहीं, क्या-क्या बातें कौन-कौन कह डालते हैं । मुझे मालूम नहीं कि वित्त मंत्री जी को ऐसी बातें कहने की क्या ज़रूरत थी । जब अफ्रीका और एशिया की ताकतें गोआ की आज़ादी की जंग में हिन्दुस्तान की मदद के के लिये आने वाली थीं, उस वक्त उन्होंने

अपना भाषण देकर पूज्य प्रधान मंत्री की चुनौती पर पा ो फर दिया ।

लेकिन उसका जवाब भी पिन्टो साहब ने दे दिया । उन्होंने कहा कि गोआ के मसले को शान्तिमय ढंग से हल करने के लिए हमने चौदह साल तक इन्तजार किया है अब और साफ जाहिर है कि शान्तिमय ढंग से यह मसला हल नहीं हो सकता । आप समाचार पत्रों को देखिए, एडिटोरियल्ज को पढ़िये । वे सब कहते हैं कि :

"We had allowed the Salazar Government to consolidate its powers."

बाकायदा लिसबन से उनकी आर्मी आ रही है । १९५७ की बात आज भी हमें याद है जब कि एक पत्र की शक्ल में गार्जियन में एक चीज छपी थी । मैं उसको पढ़ने के लिए तैयार हूं । यह चीज तब छपी थी जब कि हमारे नैशनलिस्ट को उन्होंने मारा था और मारने के बाद जीप के साथ बांध कर जिन्दा हालत में वे ले गए थे और ले जाने के बाद पैट्रोल से सोक किया गया और आग लगा कर तमाशा देखा गया । इस तरह के जो जुल्म वहां पर हो र हैं, इनको हम कभी भी बर्दाश्त नहीं कर सकते हैं । हमारे शहीद वहां पहुंचे थे । हमारे यहां के सदस्य वहां गये थे । गोआ की जेलों में भी उनकी एड़ियों और बेड़ियों की झंकार में एक इनकलाबी तराना ही था । मैं समझता हूं कि उस वक्त भी सालाजार की हुकूमत की नीव हिल गई थी और उस हिलती हुई नींव को रोकने की कोशिश नहीं की गई होती तो उसके अच्छे नतीजे निकल सकते थे । मैं चाहता हूं कि आज भी कोई गलती आप न करें।

मैं जानता हूं कि आज भी यहां पर कहा जायेगा कि यह हमारी अहिंसा की नीति के खिलाफ होगा । लेकिन, उपाध्यक्ष महोदय, हैदराबाद के सिलसिले में वहां के निजाम ने जब त्योरियां बदली थीं और कहा था और यह दावा भी किया । कि रजाकारों की मदद से वह अपनी सत्ता को कायम रखेंगे तो इस नीति पर नहीं चला गया था और क्या यह बात सच नहीं है कि एक दफा के पुलिस एक्शन से उनकी स्कीमों की तमाम इमारत चूर-चूर हो गई और वह हमारी सरकार के कदमों में झुक गये ?

गोआ को आजाद कराने के बारे में किसी कनवेंशन या सेमिनार की ही राय नहीं है बल्कि हिन्दुस्तान के लोगों की, हर खास और आम की राय है और वे चाहते हैं कि गोआ पर जो साम्राज्यवादी शक्ति अपना पंजा जमाये बैठी है, उस आखिरी पंजे को हमारे देश की धरती से हटा दिया जाए । यही सवाल विदेशों में जो हमारे विद्यार्थी हैं, वे भी समय-समय पर करते रहते हैं । श्री एम० सी० सीतलवाद, एटार्नी जनरल साहब जब वह हेग से वापस लन्दन आए तो वहां के विद्यार्थियों ने उनसे पूछा कि आखिर नो-एक्शन पालिसी सरकार की कब तक चलेगी । उन्होंने भी इस चीज को समझाने की कोशिश की लेकिन उनको किसी भी तरह से तसल्ली नहीं हुई । इसका कारण यह है कि लोग वहां पर हो रहे अत्याचारों की कहानियां सुनते और पढ़ते हैं । वे कहने लग गए हैं कि धीरज की भी कोई सीमा होनी चाहिये और इसकी भी आखिर एक सीमा होती है । यह सीमा पार हो चुकी है । अखबारों में जो कुछ छपता है, उसको आप देखें । १९६० और १९६१ के जो अखबारात हैं, उनमें गोआ के बारे में जो कुछ छपा है, आर्टिकल निकले हैं, उनके आधार पर भी मैं आपको बता सकता हूं वे समझते हैं कि एक वहशी हुकूमत इंसानियत के जामे में हैवानियत का नंगा नाच कर रही है । हमारे नेशनल जो आज आन्दोलन कर रहे हैं और गोआ को आजाद कराने की कोशिश कर रहे हैं, उनकी लाशों

[श्री स० मो० बनर्जी]

पर सालाजार नंगा नाच कर रहे हैं। यह नंगा नाच कब तक चलता रह सकता है, कब तक इसको चलते रहने की हम इजाजत दे सकते हैं। ये तमाम जो खबरें हैं ये लोगों को पहुंचती हैं। मैं समझता हूं कि आज अगर यहां से, इस पार्लियामेंट से, एक राय से हम लोग एक चुनौती दे दें तो उसका असर जरूर होगा और वह चुनौती जरूर रंग लाएगी। हिन्दुस्तान की सरकार का इस लोक सभा में, इस सदन में यह एक राय से कह देना कि गवर्नमेंट अगर इस सवाल के बारे में २६ जनवरी, १९६२ तक कोई फैसला नहीं हुआ तो कुछ कदम उठायेगी और वह कदम ऐसा नहीं होगा कि जैसे कोई प्रोटैस्ट नोट भेज दिया जाता है जिसका जवाब तक नहीं आता है बल्कि ऐसा होगा जो अपना असर दिखायेगा। साफ तरीके से हमें कहना पड़ेगा कि आर्मी या पुलिस एक्शन हम लोग करेंगे।

मैं अपने माननीय सदस्य श्री श्रीनारायण दास जी के सबस्टीट्यूट मेशीन को पढ़ करके दंग रह गया। इसमें आप फरमाते हैं :—

"This House calls upon the Government to take suitable steps as will lead to immediate withdrawal of Portuguese Government from Goa, Daman and Diu . . ."

यहां तक तो मेरी समझ में यह आती है। इतनी सी अंग्रेजी तो मैं भी अच्छी तरह से समझता हूं। लेकिन बाद की अंग्रेजी जरा टेढ़ी है और वह सालाजार की अंग्रेजी मालूम पड़ती है, पुर्तगाली अंग्रेजी मालूम पड़ती है। वह कहते हैं :—

"and the holding of plebiscite to ascertain the views of the people residing there as to the nature of Government they would like to have in their territories."

श्री नाथ पाई (राजापुर) : शेमफुल।

श्री स० मो० बनर्जी : आप सालाजार के बयानात को पढ़ें और उनको पढ़ने के बाद इस सबस्टीट्यूट मोशन को पढ़ें तो आप को सब चीज साफ हो जाएगी। ऐसा कह कर क्या आप नहीं समझते हैं कि आप पुर्तगाली साम्राज्यवादियों के हाथ में एक ऐसा हथियार दे रहे हैं जिसका वे दुरुपयोग कर सकते हैं और क्या इसका मतलब यह नहीं होगा कि सालाजार साहब जो करते हैं ठीक करते हैं, जो कहते हैं ठीक कहते हैं और जो कुछ हमारे प्रधान मन्त्री जी कहते हैं, हैं, सब गलत कहते हैं।

श्री दी० चं० शर्मा (गुरदासपुर) : कोई एक्सेप्ट नहीं होगा।

श्री स० मो० बनर्जी : मेरी समझ में नहीं आ रहा है कि इसको ऐसे मौके पर उन्होंने क्यों मूव किया है। मेरे पास सौ से ज्यादा चिट्ठियां आई हैं जिन में लोगों ने मेरे इस प्रस्ताव का स्वागत किया है और कहा है कि इस प्रस्ताव के बारे में आप प्रधान मन्त्री जी की मिन्नत कर, उनके सामने आप सारी बातों को साफ तरीके से रखें और उनको विश्वास दिलायें कि यहां की जनता इस स्ट्रगिल में उनका साथ देगी और उनसे कहें कि एक गरजती हुई आवाज में, एक आजाद देश की आवाज में लोगों को आह्वान करे कि हम साम्राज्यवादियों के पंजे को हिन्दुस्तान की धरती पर जमे रहने नहीं देंगे।

मैं समझता हूं कि अब तो हमारा केस बिल्कुल साफ है। नागर हवेली और दादरा के बारे में वर्ल्ड कोर्ट का जो जजमेंट है वह हमारे हक में जाता है। अगर यह कहा जाता है कि नाटो के हाथ में कठपुतली है जिसकी एक रस्सी इनके हाथ में है और ये नचाते रहते हैं, तो यह बात भी गलत है। सालाजार में यह मजाल कहां से आई कि वे यू० एन० में खड़े होकर या दूसरी जगह खड़े होकर कहें कि हमारे देश के लोग भूखों मरते हैं

फाकाकशी करते हैं? १५ अगस्त, १९५५ के दिन जिस दिन हमारे नौजवान, करनैल सिंह, शाह, थोरट वगैरह तिरंगा झण्डा लेकर आगे बढ़ रहे थे, उस वक्त अगर हिन्दुस्तान की सरकार एक दफा कह देती कि हमारी मदद तुम्हारे साथ है तो विश्वास मानिये कि वह झण्डा गोआ में भी लहराता। आज भी मौका है कि हम इसको करें।

इस मामले में बाहर वालों ने भी हमारा समर्थन किया है। एडलाई स्टिवेंसन ने जो यहां आए थे १६ या १७ मार्च, १९६१ को एक प्रेस कान्फ्रेंस में कहा था :—

"Change in U.S. Attitude to Goa is Evident."

"Whereas the former U.S. Secretary of State, Mr. Dulles, described Goa as a province of Portugal in 1956, Mr. Stevenson has now advocated advancement towards full self-determination of all the territories under Portuguese administration . . . Addressing a press conference in Delhi in March, 1956, Mr. Dulles had said: The U.S. has never taken any position on the merits of the Goa controversy, I made a statement in August last in which I expressed the views of my Government hoping for a peaceful solution."

उसके बाद स्टिवैंसन साहब यह कह गए हैं कि राइट आफ सैल्फ डिटरमिनेशन होना चाहिये। रूस के प्रधान मन्त्री जब इस देश में पहले आए थे तो उन्होंने भी हमारा समर्थन किया था।

उपाध्यक्ष महोदय, आप जानते ही हैं कि १९५५ में हमारे कितने वालेंटीयर वहां गए थे। उस वक्त मैं भी एक सरकारी कर्मचारी था। मुझे भी श्री एम० एम० जोशी ने एक आह्वान दिया था पूना में कि वालेंटीयर दिए जाएं। मेरी सोलह साल की नौकरी थी। मैंने कहा कि मैं चलूंगा। कोयम्बटूर से, मद्रास से और हिन्दुस्तान के दूसरे हिस्सों से, कोने-कोने से शहीदों की टोलियां चलीं। वे देखना चाहते थे कि वहां पर क्या हो रहा है।

उपाध्यक्ष महोदय, मैं अर्ज करना चाहता हूं कि यह कोई राजनीतिक सवाल नहीं है और न ही कोई ऐसा सवाल है जिसका कोई विरोध हो। मुझे चिट्ठी लिखी सालाजार के किसी साहब ने गोआ से और इस तरह की मेरे पास तीन चार चिट्ठियां आई हैं जिन में इस तरह की चीजें लिखी हुई हैं :—

"Long live Salazar".

"You are the stooge of U.S.S.R. You are moving this Resolution at the instance of U.S.S.R."

उपाध्यक्ष महोदय, आप यकीन मानिये कि इन चिट्ठियों को पढ़कर मुझे इतना सदमा नहीं हुआ जितना सदमा कि श्री श्रीनारायण दास जी के सबस्टीट्यूट मोशन को पढ़ कर हुआ है। गोआ से मुझे जिन्होंने चिट्ठियां लिखी हैं, वे सालाजार के दोस्त हो सकते हैं और उनको आप छोड़ दीजिये। लेकिन हिन्दुस्तान में आज के दिन अगर इस तरीके का प्रस्ताव पास किया जाता है तो मैं समझता हूं कि हमारे जम्हूरी असूलों की बुनियादें ही हिल जायेंगी हमें साम्राज्यवादी ताकत का मुकाबला करना होगा।

उपाध्यक्ष महोदय, एक आंधी उठी थी, अंगोला में, मार्च १९६१ में। वहां पर विद्रोह हुआ सरकार के खिलाफ और वहां की सरकार थर्रा गई। वहां पर लोगों ने कहा कि अफ्रीका का, अंगोला का हमारा मसला तभी हल हो सकता है अगर गोआ के बारे में फैसला हो जाए और मैं समझता हूं कि अगर आज हम लोग इसका फैसला कर लें और एक यह चुनौती चली जाए और उनको यह मालूम हो जाए कि हिन्दुस्तान की सरकार और लोग काफी

[श्री स० मो० बनर्जी]

सह चुके हैं, काफी लोग वहां पर मर चुके हैं, शहीद हो चुके हैं, तो यह मसला आसानी से हल हो सकता है। जो वहां पर शहीद हो चुके हैं, उनकी मैं आपको याद दिलाना चाहता हूं और उनके प्रति मैं अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। यह जो प्रस्ताव मैंने रखा है यह लीस्ट आफेंसिव है, लीस्ट कंट्रोवर्शल है। इस में यह नहीं कहा गया है कि अभी चलो बल्कि यह कहा गया है कि अल्टीमेटम दे दिया जाए। सालाजार साहब को साफ तरीके से यह बतला दिया जाये कि सालाजार साहब, आप मेहरबानी कर के जाने का बन्दोबस्त कीजिये, वर्ना हम आप को भेज देंगे। और मैं समझता हूं कि यह मुमकिन होगा। अपने प्रधान मंत्री जी के ब्यानों को जब मैं पढ़ता हूं तो मुझे खुशी होती है, और यकीन मानिये आप कि जो उन का आखिरी ब्यान निकला, मैं समझता हूं कि कम से कम यह उन के दिल का ब्यान था, और यह बात सामने आई कि वे इस बात को चाहते हैं।

16 hrs.

इस लिये अपने प्रस्ताव को उपस्थित करते हुए मैं यह मांग करता हूं, सदन से, कि इस प्रस्ताव को नामजूर न किया जाय, सिर्फ इसलिये कि बदकिस्मती से बैलट में यह मेरे नाम से आया है। मैं राष्ट्रीयता के नाम पर कोई बात नहीं कहना चाहता, मेरी कुर्बानी, राष्ट्रीय आन्दोलन में, शायद कुछ नहीं है। लेकिन आज जब यह सवाल उठता है तो कुछ लोग यह सवाल भी उठाते हैं, और मेरे पास चिट्ठियां भी आई हैं, कि बनर्जी साहब, इसी प्रस्ताव की तरह से चीन के बारे में भी एक प्रस्ताव दे दीजिये। मैं एक चीज का यकीन दिलाना चाहता हूं, इस सदन में, कि हिन्दुस्तान की धरती के बारे में अगर कोई सवाल हुआ तो, मैं यह तो नहीं कहता कि राष्ट्रीयता की सारी मोनोपोली मेरी है, मैं यह तो नहीं कहता कि सारे हिन्दुस्तान की खिदमत में मैंने जवानी खो दी, मैं तो एक मामूली सिपाही हूं, कभी कभी सरकार की लाठियां और गोलियां खाई हैं, लेकिन एक जीव हो सकता हूं उन लोगों में से जो कि इस सदन के ८० फी सदी लोगों में से नहीं हैं, लेकिन फिर भी एक छोटा सा विश्वास दिलाता हूं कि अगर कभी देश की धरती के बारे में कोई सवाल उठा और हमारे प्रधान मंत्री जी ने आह्वान किया तो देश के एक सच्चे नागरिक होने की हैसियत से मैं सिर्फ अपने को ही उन की खिदमत में पेश नहीं कर दूंगा बल्कि १३ साल के अपने एकलौते बच्चे को भी उन के चरणों में डाल कर कहूंगा कि अगर हिन्दुस्तान की धरती को बचाने के लिये न्योछावर होने की जरूरत हो तो वे उस को भी कुर्बानी दे दें।

मैं जजबाती आवेश में आ कर यह चीज नहीं कह रहा हूं, लेकिन मैं ने देखा किस तरह से पूना में उन लोगों की लाशें लाई गईं, मैंने देखा कि किस तरह से गोलियां से परेशान हो कर वे लोग वहां आये थे। मैंने देखा था कि किस तरह से उन को मारा गया, गेस्टापो मेथड्स के तरीकों से मारा गया, पागल कर दिया गया और अन्धा कर दिया गया। यह हालतें मैंने अपनी आंखों से देखीं। इसलिये मैं समझता हूं कि यह साम्राज्यवाद का आखिरी पंजा हिन्दुस्तान से खत्म होना चाहिये, और मैं आशा करता हूं कि प्रधान मंत्री जी मेरे इस प्रस्ताव को मानेंगे और उस को सदन भी एक राय से पास कर के सालाजार की हुकूमत के सामने भेजेगा ताकि हमारा जागा हुआ अफ्रीका और जागे और साम्राज्यवाद का खात्मा कर के उस को कब्रिस्तान में भेज दिया जाये। साम्राज्यवाद का आखिरी जनाजा हिन्दुस्तान और अफ्रीका के कन्धों पर निकले ताकि यह जनाजा बहुत अच्छी तरह से निकल सके।

Mr. Deputy-Speaker: Resolution moved:

"This House is of opinion that Government of India should give

a final ultimatum to the Portuguese Government to withdraw from Goa, Daman and Diu."

There are some amendments. Shri Shree Narayan Das.

Shri Braj Raj Singh (Ferozabad): He is evaporating.

Shri Vajpayee (Balrampur): I move the amendments.

(i) In the resoultion,—

after the words "Portuguese Government" *insert* "and ask it" (1)

(ii) In the resolution—

add at the end "by January 26, 62". (2).

उपाध्यक्ष महोदय, मैं श्री बनर्जी के प्रस्ताव का समर्थन करने के लिये खड़ा हुआ हूं। किन्तु अपने वर्तमान स्वरूप में यह प्रस्ताव अधूरा है क्योंकि उस में इस बात के लिये कोई तिथि निर्धारित नहीं की गई है कि जिस के भीतर पुर्तगाल को भारत छोड़ कर चला जाना चाहिये। यदि हम उन को अल्टीमेटम देंगे तो उस में तारीख बतलानी आवश्यक है, और इस लिये मैंने संशोधन उपस्थित किया है कि पुर्तगाल से कहा जाये कि आगामी २६ जनवरी तक, जो कि भारत का गणराज्य दिवस है, पुर्तगाल गोवा, दमन और ड्यू को छोड़ कर चला जाये।

इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि जब तक गोवा गुलाम है तब तक भारत की आजादी अधूरी है। हमारे प्रधान मंत्री जी भी कहते हैं कि राजनीतिक क्रांति तब तक पूर्ण नहीं होगी जब तक भारत में पुर्तगाली बस्तियां कायम हैं। प्रश्न यह है कि इन बस्तियों की स्वतंत्रता के लिए हम ने क्या किया है? गोवा के बारे में भारत सरकार की क्या नीति है? हम ने पुर्तगाल के साथ अपने सम्बन्ध तोड़ लिए, किन्तु उस से गोवा की आजादी निकट नहीं आई। हमने इन बस्तियों में काम करने वाले पुर्तगाली शासन के विरुद्ध आर्थिक कदम उठाने की कोशिश की, उनका भी कोई परिणाम नहीं निकला। अब यह सरकार का काम है कि वह बतलावे कि यदि गोवा की आजादी उस का लक्ष्य है तो इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए वह क्या कर रही है।

जहां तक विश्व के जनमत का सवाल है, संयुक्त राष्ट्र संघ में और अन्य अन्तर्राष्ट्रीय मंचों पर हम ने पुर्तगाली साम्राज्यवाद के विरुद्ध अपनी आवाज उठाई है, और उठानी चाहिये। लेकिन उसके परिणामस्वरूप गोवा की आजादी आजायेगी इस मुगालते में रहने की आवश्यकता नहीं है। अंगोला में पुर्तगालियों ने अत्याचारों की पराकाष्ठा कर दी है। विश्व के मंचों से उसकी कठोर निन्दा की गई है, लेकिन पुर्तगाली साम्राज्यवादियों पर इस का प्रभाव होगा, इसके कोई चिन्ह दिखाई नहीं देते। अब यदि कूटनीतिक, आर्थिक और जनमत के जागृत करने के प्रयत्न विफल हो गये, तो फिर कौन सा रास्ता बचता है जिस के द्वारा हम इन पुर्तगाली बस्तियों को मुक्त देखना चाहते हैं। दो ही रास्ते हो सकते हैं। या तो भारत को सरकार जनता को इन बस्तियों की मुक्ति के लिए कदम उठाने की छूट दे। सत्याग्रह आन्दोलन चला था और सारे देश से आन्दोलन में भाग लेने के लिए लोग गये थे। हो सकता था कि उस समय ऐसी परिस्थिति उत्पन्न होती कि पुर्तगाली शासन को गोवा छोड़ कर जाना पड़ता, लेकिन शासन ने उस सत्याग्रह को चलने नहीं दिया। अब यदि सत्याग्रह का रास्ता बन्द है और जनता शांतिपूर्ण प्रयत्नों से पुर्तगाल की जेलों में पड़े हुए भारतीय बन्धुओं की स्वतन्त्रता के लिए कोई कदम नहीं उठा सकती, तो सरकार को यह स्पष्ट करना चाहिये कि गोवा की आजादी का उसके सामने कौन सा तरीका है।

[श्री वाजपेयी]

यह कहना कि पुर्तगाली साम्राज्य के विरुद्ध सारे ससार में रोष की लहर बढ़ रही है, अफ्रीका में प्रचन्ड आन्दोलन चल रहा है और पुर्तगाली साम्राज्यवाद के दिन इने-गिने हैं, और अगर अफ्रीका से पुर्तगाली साम्राज्य खत्म हो गया तो गोवा में कितने दिन तक वह रह सकता है, भारत के लिए कोई स्वाभिमान की बात नहीं है । अफ्रीका के लोगों की आजादी से, उन के आजादी के प्रयत्नों से गोवा आजाद हो जाये, क्या स्वतन्त्र भारत की जनता के लिए और उसकी भारतीय सरकार के लिए यह कोई बड़े गौरव की बात होगी? सारे संसार में हम साम्राज्यवाद के विरुद्ध, पूंजीवाद के विरुद्ध, आवाज उठाते हैं, भारत के प्रतिनिधि राष्ट्रसंघ में पूंजीवाद की निन्दा में प्रस्ताव लाते हैं और साम्राज्य वाद समाप्त होना चाहिये इस तरह की मांग करते हैं मगर अपनी छाती पर हम पुर्तगाली साम्राज्यवाद को सहन कर रहे हैं । अगर हम पूंजीवाद की समाप्ति चाहते हैं तो उस समाप्ति का आरम्भ गोवा की मुक्ति से होना चाहिये, और इस के लिए सरकार के सामने एक ही रास्ता है । सब प्रयत्न कर के वह देख चुकी है । और वह रास्ता यह है कि वह पुलिस कार्रवाई करे । इस के लिए पुर्तगाल को एक अल्टिमेटम देना आवश्यक है । कुछ दिनों से कहा जानें लगा है कि गोवा की आजादी के लिए अगर बल प्रयोग करना पड़े तो हम बल प्रयोग भी कर सकते हैं । मैं इसका स्वागत करता हूं । वह गोवा की आजादी के लिए ही नहीं, भारत की भूमि का कोई भी भाग हो, यदि उस पर पुर्तगाल का कब्जा हो, या कम्यूनिस्ट चीन का कब्जा हो या पाकिस्तान का कब्जा हो, और उस की आजादी के लिए बलप्रयोग की आवश्यकता हो तो बलप्रयोग होना चाहिये । लेकिन मुझे आश्चर्य होता है जो सुरक्षा मंत्री पुर्तगाल के विरुद्ध बल प्रयोग की बात करते हैं । वह यह भी स्वीचार करने के लिए तैयार नहीं हैं कि लद्दाख में चीन की फौजें आगे बढ़ी हैं या वह फौजें आगे बढ़ रही हैं । वह कहते हैं कि वे चीनी फौजें नहीं हैं बल्कि कुछ चीनी तत्व हैं । और फिर कहा जाता है कि और मसले हम शान्ति के साथ तैय करेंगे । हां गोआ में बल प्रयोग हो सकता है ।

मेरा निवेदन है कि बलप्रयोग की हर एक सरकार को छूट होती है, और सब सवालों को शान्ति से हल करने के हमारे मन्तव्य का यह अर्थ नहीं हो सकता कि हम अपनी सार्वभौम सत्ता पर, अपनी स्वतंत्रता पर, अपनी सुरक्षा पर जो संकट आया है उसके लिए भी बल का प्रयोग नहीं कर सकते । अहिंसा का यह अर्थ नहीं है । गांधी जी कहा करते थे कि मेरी अहिंसा में तलवार चलाने की जगह है और उन्हीं के आशीर्वाद से हमने काश्मीर को बचाने के लिए सेना भजी थी । अहिंसा या शान्ति से समस्याओं को हल करने का हमारा निश्चय गोवा की आजादी में बाधक नहीं बन सकता ।

हमने निश्चय किया है कि हम आक्रमण नहीं करेंगे, हम किसी की आजादी पर आंच नहीं लाएंगे, हम किसी की स्वतंत्रता को ललचायी हुई आंखों से नहीं देखेंगे, हम किसी की सुरक्षा के लिए संकट का कारण नहीं बनेंगे । लेकिन इसका यह अर्थ नहीं है कि जो हमारी भूमि पर आक्रमण करेगा उसका हम मुकाबला नहीं करेंगे । और पुर्तगाली बस्तियां क्या हैं ? भारत पर चार सौ साल से निरन्तर चलने वाला एक आक्रमण है, और इस आक्रमण को हटाने के लिए बलप्रयोग करना यह कोई अनैतिक कार्य नहीं है । यह वैध है, नैतिक है और अपनी सार्वभौम सत्ता की रक्षा के लिए यह हमारा

कर्तव्य है। यह हमारे स्वाभिमान के अनुकूल है।

गोआ की गुलामी हमारी स्वतंत्रता को अधूरा बनाती है, गोआ की गुलामी हमारी सुरक्षा के लिए संकट पैदा कर रही है, गोआ की गुलामी भारत की जनता को आजादी के आलोक से वंचित कर रही है, उपनिवेशवाद के विरुद्ध हमारी घोषणाओं का मजाक बना रही है। गोआ की गुलामी हमारे लिए एक चुनौती है, भारत की मरदानगी के लिए एक ललकार है, और अगर शासन समझता है कि उपनिवेशवाद के विरुद्ध उसकी घोषणाएं संसार में गम्भीरतापूर्वक ली जानी चाहिए, तो उसके लिए एक ही रास्ता है कि गोआ की आजादी के लिए सक्रिय कदम उठाए। हमने पुर्तगाल से अपने कूटनीतिक सम्बन्ध विच्छेद कर लिए, उसके विरुद्ध आर्थिक नाकेबन्दी भी की परन्तु वह विफल रही। संसार के जनमत को जगा कर भी हम पुर्तगाल के हिंसापूर्ण हृदय को नहीं बदल सके। अब हमारे सामने केवल एक ही रास्ता है कि हम पुर्तगाल से उस भाषा में बात करें जिसको वह समझता है। और पुर्तगाल एक ही भाषा को समझता है। पुर्तगाल से कह दिया जाए कि या तो तुम हमारी भूमि खाली कर दो नहीं तो जो तुम्हारी बची खुची सत्ता है उसको हम सागर में डुबो देंगे। भारत की जनता भारत की इन बस्तियों की गुलामी के कलंक के टीके को अब अपने माथे पर ज्यादा दिन बरदाश्त नहीं करेगी।

इसलिए मैंने सुझाव दिया है कि आगामी २६ जनवरी सन् १९६२ तक की तिथि निर्धारित कर दी जाए और पुर्तगाल से कह दिया जाए कि वह इस तिथि तक भारत की भूमि खाली करके चले जाइये। मेरा निवेदन है कि इस सम्बन्ध में सरकार को अपनी नीति स्पष्ट निर्धारित करनी चाहिए। कहा जाता है कि बल प्रयोग किया जाएगा। मगर उसके कोई लक्षण नहीं दिखायी देते। कुछ लोग यह भी आरोप लगाते हैं कि बल प्रयोग की बात इसलिए की जा रही है कि भारत की जनता का ध्यान चीन आक्रमण की ओर से हटाया जा सके। मैं तो इन आरोपों में विश्वास नहीं करता लेकिन ये आरोप लगाए जा रहे हैं और इनका सम्बन्ध बम्बई के एक चुनाव से जोड़ा जा रहा है। मेरा निवेदन है कि सरकार को अपनी नीति स्पष्ट शब्दों में घोषित करनी चाहिये। ऐसा नहीं होना चाहिए कि हमारे प्रधान मंत्री जी कहें कि बल प्रयोग हो सकता है और हमारे वित्त मंत्री कहें कि बल प्रयोग करना ठीक नहीं है। इससे भ्रम पैदा होता है। इससे जो लोग गोआ की आजादी के लिए सहानुभूति रखते हैं उनको भी गलत विचार करने का मौका मिलता है। हमारी नीति स्पष्ट होनी चाहिए, और मेरा निवेदन है कि सरकार इस प्रस्ताव का लाभ उठा कर गोआ के सम्बन्ध में अपनी नीति की स्पष्ट घोषणा करे।

जहां तक मेरा सवाल है, मैं तो यही चाहूंगा कि २६ जनवरी तक का पुर्तगाल को अल्टीमेटम दिया जाए और अगर वह इस अवधि में नहीं जाता तो पुलिस कार्रवाई की जाए। वह लड़ाई नहीं होगी, पुलिस कार्रवाई होगी। इसी प्रकार पुर्तगाल को भारत की भूमि छोड़ने के लिए विवश किया जा सकता है। इससे विश्वयुद्ध आरम्भ होने की सम्भावना नहीं है और न यह आशंका है कि नाटो राष्ट्र इसमें आ कूदेंगे। इसकी कोई सम्भावना नहीं है। यह हमारे और पुर्तगाल के बीच का मामला है। इसके लिए हमारी सरकार में दृढ़ता चाहिए, जरा पुरुषत्व चाहिए और गुलामी को मिलने वाली चुनौतियों का सफलतापूर्वक सामना करने का साहस चाहिए।

Mr. Deputy-Speaker: Amendments Nos. 1 and 2 are now before the House. The resolution as well as the amendments are now before the House for discussion.

Shri Joachim Alva (Kanara): The hon. Mover of the resolution is a Bengali, and as a Bengali, he should be familiar with the characteristics of a Bengal tiger. A Bengal tiger just leaps into action; he gives no ultimatum; he gives no notice.

Shri Vajpayee: The hon. Mover is from UP.

Shri Joachim Alva: He just leaps into action, and he just springs into action without any notice. A strong armed man has to give no notice; he takes action without any notice. In the case of Goa, likewise, we shall have to take action without any notice. It is not in consonance with the dignity of our nation that we give an ultimatum to a puny power like Portugal which can be wiped off from the map of Europe or whose possessions in India can be wiped off by our own Forces and even by a handful of or own patriotic, nay, illiterate folk.

It is true that we have made a mistake in the past. Time has slipped by. But let us not ruminate on our blunder. Our blunder was that in 1947, we did not occupy Goa without any notice and without any ultimatum.

When the British Cabinet Mission gave their last press conference, at which the late Sir Stafford Cripps, Mr. Alexander and the late Lord Pethick-Lawrence were present, I asked them a question as to what the attitude of the Government of Great Britain would be in regard to Goa, after the attainment of Independence by India. Sir Stafford Cripps just shrugged his shoulders, and consulted his neighbour to his left and his neighbour to his right and said certain words which I have not forgotten even till today, namely "that it would be a matter for the future Government of India." With all this explicit statement by a responsible Cabinet Mission like that, which is as good as a British Cabinet declaration, the Government of Britain and their representatives have not been fair to us. They have not done fair justice to us.

We have no objection if the Foreign Secretary of Her Majesty's Government, Lord Home goes and pays a visit to Portugal, and even the liberal parts of the British press denounce it. But what we object to is that when some non-violent satyagraha was led by Mr. Tony Desouza, a young man, right in 1955-56, and he was taken as prisoner in Goa, the High Commissioner of Britain should have walked into our Foreign Office and registered perhaps a note of protest, and we also perhaps sat idling thereafter. This was what happened when we wanted to take some action, when Mr. Tony Desouza, a non-violent young man, walked into Goa and he was awarded eight years' jail. (So please!). At that time, five thousand Hindu women wept from Majali seeing D'Souza crossing the borders of Goa. It was a great feat for a young man of Goa, a Goan Christian, as well as for the Hindu women to have visibly shown such sympathy for a Satyagrahi on our side of the border. On this occasion, I shall not fail to pay my humble tribute to some of the valiant men from that side who went and courted imprisonment. But, we, for our part, had to follow the policy of the Congress Party. The policy of the Congress Party is one of non-violence. And, therefore, we have not taken any action in regard to Goa. We cannot say one thing at the forum of the United Nations and do something else on the border of Goa.

Shri Braj Raj Singh: Is satyagraha violent? (*Interruptions*).

Shri Joachim Alva: I did not interrupt my hon. friends when they were speaking. So, let them not interrupt me when I am speaking.

Our policy is one of non-violence. The declared policy of the Congress Party has been one of non-violence. (*Interruptions*).

Mr. Deputy-Speaker: Non-violent men should not be assaulted like that. Let us hear the hon. Member.

Shri Braj Raj Singh: What did the Congress Party do in Kerala? Was that not satyagraha?

Shri Joachim Alva: When we are preaching non-violence on the floor of the United Nations, we cannot adopt violence ourselves. After all, Goa is a tiny little thing. I have seen our sailors and navy-men and air-men saying that they would just jump and take over Goa, but they have not yet received the orders. They cannot receive orders, because they too are governed by the philosophy of non-violence which is the cardinal sheetanchor of our policy.

I pay my tribute to my hon. friends on the other side who have been to Goa jails in this connection, and a harder jail at that; their jail life was much harder than what we ourselves suffered inside the British prison-walls.

My hon. friend, Shri Goray, was there all alone. Then there was Shri V. G. Deshpande who has now a little trouble in the heart. And I would be pained to know that that trouble started inside Goa jails. Then again Shri Tridib Kumar Chaudhuri went there. We should really take our hats off to these pioneers who said that this Parliament shall not remain empty without at least one Member going and suffering there for the freedom of Goa, inside Goa jails.

There are others. There is the great Sahodrabai who became a Member of this Parliament, who went to the borders of Goa and bared her chest and was shot down. An announcement by the Prime Minister said that she was no more. Then the Prime Minister came the next day and announced to a very very happy House that she was alive, though her hand is still lacerated and she cannot move it this way or that.

This again goes to prove the theory that the best and greatest women of India are the women who did not know a word of the English language. It is a great thing that we have women on this side of the House or that side, women like Sahodrabai who went to Goa and bared her chest and took those bullet wounds. We can have faith in our future with such great valiant, silent women who believe in action, who perhaps had not been tutored in the Universities, who have known the hard way of life, who are illiterate, but who can give a wonderful account of themselves on behalf of the motherland, as no other man or woman could.

I am sorry that she is not here.

Shri Morarka (Jhunjhunu): She is here.

Shri Joachim Alva: I would like to pay her this tribute, which she richly deserves, because she is a symbol of Indian womanhood; silent, illiterate, untrained in university ideas, not knowing the English language, but yet when the time of action came, went forward and gallantly played her part. We have also the example of Sudha Joshi who quietly went and suffered. To all these men and women, I am glad to pay my humble tribute.

It is not an easy task to supplant the Portuguese in Goa right at present. I shall not either over-estimate or under-estimate it. We have the strength of ten men. But look at Pakistan. It has got a three-pronged drive against us. Pakistan has got active liaison with Portugal, with the Portuguese authorities and Portuguese diplomats and also with Goa. She is sent goods there to break our economic boycott. Our policy of economic sanctions was a failure. Pakistan has pricked us on the Kashmir front also and has made terms with China. Then again, it has got a declared or undeclared policy by which she is sending her population down into Assam and disturbing the balance there.

We have got very serious problems on our borders and we have to think of them in very serious terms. A nation which is really strong does not believe in idle threats. No doubt, an ultimatum was given to the British

[Shri Joachim Alva]

Government. But we must distinguish between the motives and philosophy which guide the British Government and the Portuguese Government. The British, whatever might be said against them, have been trained in some kind of liberal traditions, and even in Africa they are giving up one territory after another; they are walking out of Africa, whatever be the troubles facing the representatives of the people there. But not so Portugal. Portugal has destroyed the culture of Goa. It tells its citizens: 'Do not write in the Marathi script. Do not write in any of the Indian languages.' It tells its citizens, Catholic or Hindu, 'You must learn my language, the Portuguese language'. No Goan in Goa has become a Cardinal or a priest or a bishop in the Church in Goa. Yet it boasts to be the defender of the Catholic faith. What defender of the Catholic faith can it be, I cannot understand, when in Angola it has indulged in the most inhuman atrocities possible.

